सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5617	03.11.2019	08.11.2019	**Faridkot Punjab**	Dainik Bhaskar Hindi Newspaper 03th November, 2019/Page No. 06
Title:	**Chickenpox spread in School in district Faridkot, Punjab**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Faridkot, SSU-Punjab			

जिले के गांव बरगाड़ी स्थित एक स्कूल में पिछले डेढ़ महीने से फैली चिकनपॉक्स बीमारी से शिक्षक और 100 के करीब बच्चे प्रभावित हैं। बीमारी से एक शिक्षिका की मौत होने के बाद मैनेजमेंट ने स्कूल को 5 दिनों के लिए बंद कर लिया है। स्कूल प्रिंसिपल ने मामले की पुष्टी करते कहा कि मरने वाली शिक्षिका चिकनपॉक्स से प्रभावित जरूर हुई थी लेकिन उसकी मौत का मुख्य कारण उसका लीवर की किसी गंभीर समस्या से पीड़ित होना था। उधर, सूचना मिलने के बाद स्कूल का निरीक्षण करने गए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बीमारी के फैलने का कारण बच्चों के अभिभावकों की लापरवाही और स्कूल का एयर कंडीशन होने के कारण चारों तरफ से बंद होना बताया है। स्कूल प्रिंसिपल के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की हिदायतों पर छात्रों व स्टाफ को छूट्टी कर स्कूल को हवादार बनाने व संक्रमण मुक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

शिक्षिका की मौत के बाद मामला आया सामने, अब तक 300 बच्चे हुए शिकार

एसी और अन्य आधुनिक सुविधाओं से लैस होने का दावा करने वाले गांव बरगाड़ी के कोटकपूरा रोड पर स्थित दशमेश ग्लोबल स्कूल के बच्चों का बीमारी से ग्रस्त होने का सिलसिला पिछले डेढ़ माह से जारी था।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

लेकिन स्कूल प्रबंधन को मामले की गंभीरता का अहसास तब हुअा जब बरगाड़ी रहती स्कूल की शिक्षिका गगनदीप कौर की दीवाली के दिन मौत हो गई। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित किया और उनके आदेश पर शुक्रवार से मंगलवार तक छूट्टी देकर स्कूल को बंद कर दिया गया। गांव वासियों के अनुसार स्कूल के करीब 300 से अधिक छात्र अब तक इस संक्रमण का शिकार हो चुके हैं।

प्रिंसिपल की सफाई- चिकनपाॅक्स से नहीं किसी और कारण से हुई शिक्षिका की मौत

दशमेश ग्लोबल स्कूल की प्रिसिंपल गगनदीप कौर ने बताया कि करीब 100 से अधिक छात्रों व आधा दर्जन शिक्षिकों में चिकनपॉक्स के लक्षण पाए जाने पर स्कूल को 5 दिनों तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षिका गगनदीप कौर भी चिकनपाॅक्स से संक्रमित हुई थी और संक्रमण के दौरान ही उसकी मौत हुई है लेकिन डाॅक्टरों के अनुसार वह पहले से ही लिवर की बीमारी से ग्रस्त थी व उसकी मृत्यु का मुख्य कारण चिकन पाक्स की बीमारी का संक्रमण नही बल्कि उसकी लीवर की बीमारी है।

डाॅक्टर बोले- लेट मिली सूचना, आशा वर्करों की भी होगी जवाबदेही

फरीदकोट के असिस्टेंट सर्जन डाॅ. संजीव सेठी ने इसे स्कूल व स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही करार देते हुए कहा कि स्कूल में पिछले करीब दो महीनों से मामले आ रहे थे लेकिन उन्हें सूचना अब मिली। मामला गंभीर होने पर अब विभाग जरूरी कदम उठा रहा है। स्कूल में विभिन्न गांवों से बच्चे आते हैं व विभाग अपने स्तर पर सभी गांवों में सर्वेक्षण करवाने जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों पर जिम्मेदारी डालते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में ऐसी बीमारी की सूचना आशा वर्करों ने उन्हें देनी होती है लेकिन इस मामले में ऐसा नही हुआ। इसकी भी जांच होगी। स्कूल की शिक्षिका गगनदीप कौर की चिकनपाॅक्स के कारण हुई मौत के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह संक्रमण जानलेवा नहीं है आैर शिक्षिका की मौत किसी पुरानी बीमारी से हुई है लेकिन वह चिकनपाॅक्स से संक्रमित जरूर थी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1